**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 31 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

*****************************************************************************

**संसद ने लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल देर शाम मंजूरी दी, लोकसभा से विधेयक बुधवार को पारित हुआ था।**

**इस विधेयक में सख्त दंड और जुर्माने सहित कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। इनमें दस वर्ष तक की सज़ा, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी व्यक्तियों की संपत्ति जब्त करना शामिल है। मामलों के शीघ्र निपटान के लिए राज्य सरकार और केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन विशेष त्वरित अदालतें स्थापित करेंगे। मामले की छानबीन पुलिस थाने में सूचना दर्ज होने की तिथि से दो महीने के अंदर पूरी करनी होगी। आरोप पत्र दाखिल होने के तीन महीने के अंदर सुनवाई पूरी करने का प्रावधान किया गया है।**

**......................................................................................**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधयेक का स्वागत करते हुए कहा कि इससे परीक्षा प्रणाली और सशक्त होगी। सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक की समस्या को ध्यान में रखते हुए संसद ने कड़े कानूनी प्रावधानों के साथ विधेयक पारित किया है।**

***पिछले कई दशकों से हर राज्य और केंद्र सरकार इस प्रकार की पेपर लीक की परेशानी झेल रहा है। बच्चों के भविष्य को भी इसके कारण संकट पैदा हो रहा है। इन सब को ध्यान में रखते हुए देशव्यापी सभी राज्यों में भी और केंद्र में भी शिक्षा पद्धति में सुधार अनिवार्य हो गया। टेक्नोलॉजी के भरपूर उपयोग की आवश्यकता हो गई है। और साथ-साथ फिर से कोई पेपर माफिया पेपर लीक करने वाली गैंग देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली गैंग उनको बक्शा नहीं जाएगा।***

**......................................................................................**

**गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को जन-जन का उत्सव बनाने के उद्देश्य से निकाली जा रही पवित्र कलश यात्रा के गुरुग्राम आगमन पर यात्रा का श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ स्वागत किया गया।**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में सर्वसमाज का प्रतिनिधिमंडल वाराणसी से पवित्र कलश एवं गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी लेकर कल गुरुग्राम पहुंचा।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे का संदेश देता है। उनकी 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यह यात्रा समाज को उनके विचारों से जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम बनेगी।

गुरुग्राम पहुंचने के बाद पवित्र कलश यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एंबिएंस मॉल से प्रारंभ होकर यात्रा शीतला माता मंदिर पहुंची और पवित्र कलश को माता शीतला देवी मंदिर में विधिवत स्थापित किया गया। इसके उपरांत 4 अगस्त को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के करकमलों से यह पवित्र मिट्टी प्रदेश के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्षों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद सभी जिलों में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में इस पवित्र मिट्टी का उपयोग किया जाएगा।

---

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश . चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कल पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ में लड़कों के नए छात्रावास का शिलान्यास किया।
श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि
पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कों के लिए आवास की बढ़ती मांग को देखते हुए लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली यह परियोजना विद्यार्थियों को आधुनिक, सुरक्षित

एवं सुविधाजनक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसे 18 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रस्तावित छात्रावास भवन जमीनी तल सहित सात मंजिलों का होगा तथा इसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 78,400 वर्ग फुट होगा। इसमें 103 कमरे होंगे, जिनमें 309 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त आगंतुकों के ठहरने के लिये दो अतिथि कक्ष तथा एक वार्डन कक्ष भी बनाए जाएंगे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और सुविधा सुनिश्चित हो सके।
उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन दो नए छात्रावासों के पूर्ण होने पर संस्थान की कुल छात्रावास क्षमता 2,178 से बढ़कर 2,906 विद्यार्थियों की हो जाएगी, अर्थात 728 अतिरिक्त विद्यार्थियों को आवास उपलब्ध हो सकेगा।

*************************************************************************